प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप को प्रधानमंत्री मोदी ने बताया वैश्विक उपलब्धि, देशवासियों से किया नियमित योग अपनाने का आह्वान।**
2. **रांची सदर अस्पताल को मिला नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन, झारखंड का पहला मुस्कान प्रमाणित सरकारी अस्पताल बना।**
3. **झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने जेटेट–2026 के आवेदन की अंतिम तिथि बढाई, अभ्यर्थी अब 20 जून तक कर सकेंगे आवेदन।**
4. **भारतीय रेल का नया कीर्तिमान, 160 किमी प्रति घंटे की गति के लिए 'कवच 4.0' का सबसे बड़ा नेटवर्क तैयार।**
5. **झारखंड विमेंस प्रीमियर लीग में कोल्हान डायनामोज और संथाल चैलेंजर्स की जीत, सभी चार टीमों को मिलेंगे 10–10 लाख की सहायता राशि।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से नियमित रूप से योग करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर संतुलित, स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन जिया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने बताया कि वे आज गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप–2026 में वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने दुनिया भर के योग प्रेमियों को एक मंच पर लाने का काम किया है। उन्होंने इसे योगासन के वैश्विक खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और आयोजनकर्ताओं तथा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

****

गिरिडीह में महिलाएं नियमित योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रही हैं। योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति ने बताया कि योग से न केवल शरीर बल्कि मन और मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है।

उन्होंने कहा कि स्वयं स्वास्थ्य समस्याओं से उबरने के बाद अब वे अन्य लोगों को योग का प्रशिक्षण दे रही हैं। वहीं, सविता कुमारी ने भी योग से स्वास्थ्य में सुधार होने का अनुभव साझा किया और लोगों से नियमित योग अपनाने की अपील की।

****

केंद्र सरकार के मुस्कान कार्यक्रम के तहत रांची का सदर अस्पताल अब नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन में अस्पताल ने 96 दशमलव 61 प्रतिशत अंक हासिल किए। अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट, पीडियाट्रिक वार्ड और पीडियाट्रिक ओपीडी को भी उत्कृष्ट अंक मिले। अस्पताल प्रशासन ने इसे डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और प्रशासनिक टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है।

****

जेटेट में भाषाओं के चयन को लेकर गठित समिति की बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य की जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि जेटेट केवल प्रतियोगी परीक्षा नहीं, बल्कि शिक्षकों की स्थानीय भाषाई और सांस्कृतिक समझ का आकलन करने वाली पात्रता परीक्षा है। वहीं मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भोजपुरी और मगही भाषा को शामिल करने की वकालत की है।

****

जैक ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आवेदन लेने की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जेटेट के कुछ अभ्यर्थियों से उनके मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी अनुपलब्ध होने पर प्रपत्र ऑनलाइन भरने में कठिनाई होने की सूचना पर ऐसा निर्णय लिया गया है।

****

उत्तर रेलवे ने अत्याधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ‘कवच’ वर्जन 4.0 का सफलतापूर्वक संचालन शुरू किया है। इसके साथ उत्तर मध्य रेलवे में कवच नेटवर्क 445 रूट किलोमीटर तक पहुंच गया है, जो भारतीय रेल में किसी एक खंड पर स्थापित सबसे बड़ा कवच सिस्टम है। अधिकारियों के अनुसार यह प्रणाली दिल्ली–हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर सुरक्षा और परिचालन दक्षता को और मजबूत करेगी।

****

कोडरमा विधायक नीरा यादव के निजी वाहन चालक राजकुमार यादव की हत्या के विरोध में परिजनों और ग्रामीणों ने कोडरमा थाना के सामने रांची–पटना मुख्य मार्ग को करीब चार घंटे तक जाम रखा। एसडीओ निर्मल सोरेन ने बताया कि मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव भी उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

****

जमशेदपुर के टाउन हॉल सभागार में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

****

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार लगभग शून्य दशमलव दो प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 128 अंक बढ़कर 74 हजार 474 पर और निफ्टी 43 अंक बढ़कर 23 हजार 449 पर पहुंच गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 44 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में शुरू हुई झारखंड विमेंस प्रीमियर लीग–2026 के पहले दिन कोल्हान डायनामोज और संथाल चौलेंजर्स ने अपने–अपने मुकाबले जीत लिए। उद्घाटन मैच में कोल्हान डायनामोज ने छोटानागपुर ब्लास्टर्स को 8 विकेट से हराया, जबकि दूसरे मैच में संथाल चैलेंजर्स ने पलामू वॉरियर्स को 6 विकेट से पराजित किया। जेएससीए पदाधिकारियों ने कहा कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस लीग में भाग लेने वाली सभी चार टीमों को 10–10 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

****

जापान के काकामिगाहारा में खेले जा रहे पुरुष अंडर–18 एशिया कप हॉकी 2026 में भारतीय जूनियर टीम का सेमीफाइनल मुकाबला कल पाकिस्तान से होगा। भारत ने पूल–ए में दूसरा स्थान हासिल कर अंतिम चार में जगह बनाई, जबकि पाकिस्तान की टीम पूल–बी में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची है। भारत की नजर पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाने और खिताब जीतने की अपनी दावेदारी मजबूत करने पर होगी।

****